इस सर्वांगीण सुधार नीति के सफल क्रियान्वयन से ऐसी आशा है कि तीन वर्षों में एन टी सी लाभप्रदता प्राप्त कर लेगा । औद्योगिकी तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड को रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष उपबन्ध) अधिनियम 1985 के उपबन्धों के अंतर्गत एन टी सी का पुरुधार करने के लिए आवश्यक उपायों का पता लगाने तथा उन्हें लागू करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है ।

राष्ट्रीय वस्त्र निगम की रुग्ण इकाइयों को बन्द किया जाना

2231. **श्री एस. एस. अहलुवालिया :** क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने राष्ट्रीय वस्त्र निगम की लगातार घा देने वाली मिलों को बन्द कर देने का फैसला कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) सरकार से इस फैसले से कितने कामगारों के बेकार हो जाने की संभावना है ; और

(घ) सरकार ने बेकार होने वाले कामगारों के पुनर्वास हेतु क्या कदम उठाए है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी) : (क) और (ख) वस्त्र मंत्रालय के निदेशों पर वस्त्र अनुसंधान संघ ने राष्ट्रीय वस्त्र निगम के पुनरुद्धार के लिए 2005.67 करोड रु. के व्यय से एक नई आधुनिकीकरण योजना तैयार की है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 36 गैर अर्थक्षय एककों का 18 अर्थक्षय एककों में पुनः संरचना करना शामिल है ।

(ग) वस्त्र अनुसंधान संघ द्वारा तैयार योजना में स्वच्छिक सेवा निवृत्ति योजना के अंतर्गत 70885 फालतू अधिकारियों कर्मचारियों और कामगारों का सुव्यवस्थीकरण करने की परिकल्पना की गई है और 28-2-94 तक 33245 अधिकारी कर्मचारी तथा कामगार इस योजना का पहले ही लाभ उठा चुके हैं ।

(घ) सरकार ने स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना का लाभ उठाने वाले कामगारों के पुनःप्रशिक्षण तथा पुनर्निर्माण के लिए 50.00 करोड रु. की धनराशि से एक पुनर्वास निधि स्थापना की है । ऐसे सुव्यवस्थीतकृत कामगारों को विद्युत करघा रोलिंग एककों के छः माह तक सफलता पूर्ण चलाने के पश्चात् उद्यम को और अधिक लाभप्रद बनाने के उद्देश्य से इस योजना के अंतर्गत पूंजी लागत का 25% से 33% का उत्पादन प्रोत्साहन दिया जाता है ।

Import of cotton

2232. DR. NAUNIHAL SINGH:
SHRI RAM RATAN RAM:

Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that cotton prices have not eased in this domestic market even a week after the doban on cotton exports;

(b) if so what are the reasons therefor;

(c) what volume of cotton is intended to be imported, how much will it cost in terms of dollers and from which country/ countries it is intended to be imported;

(d) to what extent these decisions have helped the cotton growers; and

(e) what extent it has helped to curb the undue rise in cotton prices.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) and (b) Though the prices of cotton have not come down; the suspension